संख्या-20/2025/1069/58-1-2025/001-54-2002-002-3-2022

प्रेषक,

अशोक कुमार तिवारी,

संयुक्त सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ : दिनांक 08 अप्रैल, 2025

विषय:- वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या 49 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-102-बाल कल्याण-03-बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय" हेतु प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति के सम्बंध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय पत्र संख्या-02/बा0वि0परि0/लेखा/2025-26, दिनांक 01 अप्रैल, 2025 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-49 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-102-बाल कल्याण-03-बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय" के विभिन्न मानक मदों में कुल प्रावधानित धनराशि रु0 56166.40 लाख के सापेक्ष विभिन्न मानक मदों में प्रथम छमाही हेतु सम्भावित व्यय के दृष्टिगत धनराशि रु0 28083.20 लाख (रुपया दो अरब अस्सी करोड़ तिरासी लाख बीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय प्रदान करते हैं :-

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(2) निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ यह सुनिश्चित करेंगे कि योजनान्तनर्गत निर्गत की जाने वाली धनराशि की द्विरावृत्ति न हो।

(3) स्वीकृत धनराशि का व्यय केवल प्रश्नगत योजना पर ही किया जायेगा एवं योजना हेतु समय-समय पर भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्गत सुसंगतशासनादेशों/मानकों/ दिशा-निर्देशों/गाइडलाइन्स तथा सुसंगत वित्तीय नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा और किसी भी दशा में स्वीकृत धनराशि से अधिक का व्यय नहीं किया जायेगा।

(4) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य मद हेतु किया जायेगा। उक्त स्वीकृत धनराशि को किसी अन्य योजना/कार्यक्रम/ मद/इकाई पर व्यय नहीं किया जायेगा। यदि कोई वित्तीय अनियमितता पायी जाती है, तो इसके लिए निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तरदायी होंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

(5) निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टांहार द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है, अन्यथा की स्थिति में निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार का दायित्व होगा कि वह शासन को तत्काल आवश्यक नियमत: कार्यवाही कर अवगत करायें।

(6) वित्तीय स्वीकृति का आदेश बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जा रहा है। बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ का होगा।

(7) उक्त धनराशि का आवंटन (एलाटमेंट) मात्र ही किसी प्रकार का व्यय करने का अधिकार प्रदान नहीं करता है। निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार स्तर से बजट मैनुअल, वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों तथा इस सम्बंध में समय-समय पर जारी स्थायी आदेशों के अन्तर्गत जिन मदों पर व्यय करने के लिए राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व तत्सम्बंधी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा इसे विहित प्रक्रिया एवं नियमों के अनुसार ही व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(8) प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत जनपदों को धनराशि आवंटित करने से पूर्व यह भली भांति सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि इस हेतु पूर्व में आवंटित धनराशि जनपद स्तर पर नियमानुसार पूर्णरूप से व्यय कर ली गयी है।

(9) स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष आवंटन/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बंध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून, 1994 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा सुनिश्चित किया जाय।

(10) धनराशि का निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार/विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति, विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(11) निदेशक, बाल विकास सेवा पुष्टाहार द्वारा बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाय कि आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय। यदि आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर हैं, तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को सम्बन्धित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय। ऐसे मामलों में निदेशक, बाल विकास सेवा पुष्टाहार स्तर पर एकमुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय। धनराशि के एकमुश्त आहरण से राज्य के रोकड़ प्रबन्धन (कैश मैनेजमेन्ट) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(12) निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार स्तर से विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत बजट में प्रावधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनाँक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(13) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार स्तर से सुनिश्चित किया

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

जाय। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल केप्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डड्स ऑफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय

लेखाशीर्ष: 2235021020300 (बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय)

	अनुदान संख्या	लेखा शीर्षक	मानक मद	स्वीकृत धनराशि
1	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	01 वेतन	1,56,09,50,000 (रुपये एक अरब छप्पन करोड़ नौ लाख पचास हजार मात्र)
2	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	03 मंहगाई भत्ता	93,65,70,000 (रुपये तिरानबे करोड़ पैंसठ लाख सत्तर हजार मात्र)
3	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	04 यात्रा व्यय	65,00,000 (रुपये पैंसठ लाख मात्र)
4	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	05 स्थानान्तरण यात्रा व्यय	15,00,000 (रुपये पन्द्रह लाख मात्र)
5	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	06 अन्य भत्ते	9,00,000 (रुपये नौ लाख मात्र)
6	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	07 मानदेय	50,000 (रुपये पचास हजार मात्र)
7	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	08 कार्यालय व्यय	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)
8	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	09 विद्युत देय	75,00,000 (रुपये पचहत्तर लाख मात्र)
9	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	10 जलकर / जल प्रभार	2,50,000 (रुपये दो लाख पचास हजार मात्र)
10	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	11 लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	75,00,000 (रुपये पचहत्तर लाख मात्र)
11	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)
12	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	13 टेलीफोन पर व्यय	22,50,000 (रुपये बाईस लाख पचास हजार मात्र)
13	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	15 गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	50,00,000 (रुपये पचास लाख मात्र)
14	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	16 व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	4,50,00,000 (रुपये चार करोड़ पचास लाख मात्र)
15	049	2235021020300	17 किराया, उपशुल्क और	3,00,00,000 (रुपये तीन करोड़ मात्र)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

		बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	कर-स्वामिस्व	
16	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	18 प्रकाशन	5,00,000 (रुपये पाँच लाख मात्र)
17	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	19 विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	10,00,000 (रुपये दस लाख मात्र)
18	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	29 अनुरक्षण	1,50,00,000 (रुपये एक करोड़ पचास लाख मात्र)
19	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	42 अन्य व्यय	75,00,000 (रुपये पचहत्तर लाख मात्र)
20	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	44 प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	5,00,00,000 (रुपये पाँच करोड़ मात्र)
21	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	45 अवकाश यात्रा व्यय	5,00,000 (रुपये पाँच लाख मात्र)
22	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर का क्रय	37,50,000 (रुपये सैंतीस लाख पचास हजार मात्र)
23	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	47 कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	87,50,000 (रुपये सत्तासी लाख पचास हजार मात्र)
24	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	49 चिकित्सा व्यय	1,50,00,000 (रुपये एक करोड़ पचास लाख मात्र)
25	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	51 वर्दी व्यय	5,00,000 (रुपये पाँच लाख मात्र)
26	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	52 पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	10,00,000 (रुपये दस लाख मात्र)
27	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	55 मकान किराया भत्ता	7,88,50,000 (रुपये सात करोड़ अट्ठासी लाख पचास हजार मात्र)
28	049	2235021020300 बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय	58 आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	20,00,000 (रुपये बीस लाख मात्र)
	कुल	**2,80,83,20,000** **(रुपये दो अरब अस्सी करोड़ तिरासी लाख बीस हजार मात्र)**		

महायोग	2,80,83,20,000 (रुपये दो अरब अस्सी करोड़ तिरासी लाख बीस हजार मात्र)

के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

भवदीय,

(अशोक कुमार तिवारी)
संयुक्त सचिव

संख्या-20/2025/1069(1)/58-1-2025/001-54-2002-002-3-2022, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
2. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
3. सचिव, भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक), अनुभाग-1
6. वित्त संसाधन केन्द्रीय सहायता अनुभाग ।
7. आहरण एवं वितरण अधिकारी, निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, लखनऊ ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार तिवारी)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।